तिरंगा हमारे सम्मान, शौर्य, उन्नति व खुशहाली का प्रतीक : राठौड़

चूरू (निसं)। जिला प्रशासन तथा नगरपरिषद के संयुक्त तत्वावधान में हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत बुधवार को जिला मुख्यालय स्थित टाउन हॉल में जिला स्तरीय तिरंगा मेला व पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में पूर्व मंत्री राजेंद्र राठौड, विधायक हरलाल सहारण, जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा, जिला उप प्रमुख महेंद्र न्यौल, एडीएम अर्पिता सोनी, सीईओ श्वेता कोचर सहित अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों ने शिरकत की। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री राजेंद्र राठौड ने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा हमारे मान-सम्मान, शौर्य, उन्नित, प्रगति और खुशहाली का प्रतीक है। इसी तिरंगे की प्रेरणा से हमने महात्मा गांधी की अगुवाई में स्वतंत्रता संग्राम की लडाई लडी और भारत को आजादी दिलाई। आज भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है।

भारत के पास खुद का लिखित संविधान है। उन्होंने कहा कि हम हमारे संविधान के मौलिक कर्तव्यों में भी तिरंगे के प्रति समर्पित रहने का संकल्प लेते हैं। इस तिरंगे ने भारत के शौर्य और सम्मान को सम्पूर्ण विश्व में बढ़ाया है। राठौड ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत हर घर स्वच्छता की थीम पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों में हम सब सक्रिय भूमिका से जुटें और विकसित भारत के संकल्प को साकार करें।

विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि तिरंगा सिर्फ एक ध्वज नहीं, बल्कि हमारे स्वाभिमान, बलिदान और समर्पण का प्रतीक है। इस तिरंगा मेले के माध्यम से न केवल हमारे राष्ट्रीय प्रतीकों का सम्मान हुआ हैं, बल्कि अपने युवाओं में देशभक्ति की भावना का संचार हुआ है। कार्यक्रम में केजीबीवी व सर्वहितकारिणी पुत्री पाठशाला, लिटिल फ्लावर स्कूल की छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी।

इस दौरान चंद्राराम गुरी, वासुदेव चावला, बसंत शर्मा, पदम सिंह, अभिषेक चोटिया, दौलत तंवर, नरेंद्र काछवाल, भास्कर शर्मा, नरेंद्र सैनी, दीनदयाल सैनी, सीपी शर्मा, सुरेश सारस्वत, धर्मेंद्र राकसिया, रवि दाधीच, गोपाल बालाण सहित जनप्रतिनिधि, जिला स्तरीय अधिकारी, विद्यार्थी व आमजन मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन मुकुल भाटी ने किया।

'हर घर तिरंगा' अभियान अंतर्गत जिला मुख्यालय पर हुआ जिला स्तरीय तिरंगा मेला व पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित हुआ।

विजेताओं को किया सम्मानित:- कार्यक्रम में अतिथियों ने राखी बनाओ प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता व सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के विजेताओं को प्रशस्ति-पत्र व पुरस्कार राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने रंगोली प्रतियोगिता में स्वयं सहायता समूह वर्ग में गणेशजी एसएचजी प्रथम, राधेश्याम एसएचजी द्वितीय, गुरुकृपा एसएचजी तृतीय, महाविद्यालय स्तर पर स्वामी गोपाल दास राजकीय कन्या महाविद्यालय के नाजिया ग्रुप प्रथम, बालिका महाविद्यालय द्वितीय, स्वामी गोपालदास राजकीय कन्या महाविद्यालय के खुशी त्यागी ग्रुप तृतीय, विद्यालय स्तर पर राजकीय बागला उमावि मोनिका ग्रुप प्रथम, स्मॉल वंडर स्कूल द्वितीय, आपणी पाठशाला मोनिका ग्रुप तृतीय, राखी बनाओ प्रतियोगिता में स्वयं सहायता समूह वर्ग में सोफिया एसएचजी प्रथम, राधेश्याम एसएचजी द्वितीय, बालाजी एसएचजी तृतीय, महाविद्यालय स्तर पर बालिका महाविद्यालय के अलवीरा सैयद, विद्यालय स्तर पर लक्ष्मी देवी शारदा उमावि अंग्रेजी माध्यम के जाबिदा ग्रुप प्रथम, सर्वहितकारिणी पुत्री पाठशाला द्वितीय, आदर्श विद्या मंदिर की हर्षिता शर्मा तृतीय, स्टॉल प्रदर्शनी में गुरूकृपा एसएचजी प्रथम, जय मां कामाख्या एसएचजी द्वितीय, बालाजी एसएचजी तृतीय तथा सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में केजीबिवि प्रथम, मानवी शर्मा व रवि शर्मा द्वितीय, आपणी पाठशाला ग्रुप तृतीय स्थान पर रहे विजेताओं को सम्मानित किया।

पाटन कस्बे में तिरंगा यात्रा निकली

पाटन (निसं)। कस्बे में कारगिल युद्ध के शहीद कल्याण सिंह तंवर की पुण्यतिथि पर एक विशेष श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कस्बे के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं व ग्रामीणों ने देशभक्ति से ओतप्रोत तिरंगा यात्रा निकाली। यात्रा की शुरुआत शहीद कल्याण सिंह स्मारक से हुई और यह कस्बे के मुख्य मार्गों, अस्पताल के सामने, बस स्टैंड होते हुए रामपुरा रोड पर जाकर संपन्न हुई। इस दौरान बच्चों के हाथों में तिरंगा लहरा रहा था और वे पूरे जोश के साथ कारगिल शहीद कल्याण सिंह अमर रहें के नारे लगा रहे थे। इस आयोजन में श्री जगन्नाथ दीवान राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, जमुना देवी पांडे बालिका विद्यालय, सुमन चाइल्ड पब्लिक स्कूल, प्रगति बाल मंदिर, सरस्वती स्कूल सहित सरकारी व निजी विद्यालयों के छात्र-छात्राएं शामिल रहे। कार्यक्रम में पंचायत समिति प्रधान सुवालाल सैनी, सदस्य रामस्वरूप यादव, किसान नेता राम रतन यादव, भाजपा नेता प्रमोद सिंह बाजोर, सरपंच मनोज चौधरी, पूर्व सरपंच केदारमल सैनी, शहीद के भाई जसवंत सिंह बॉक्सर, पुत्र अशोक सिंह, प्रेम सिंह, अरविंद सिंह, सूबेदार विष्णु सिंह राजपूत, भवानी सिंह तंवर, विनोद सिंह तंवर, सुनील पटनिया, उदय सिंह गुर्जर, रोहिताश यादव, महिपाल ढीलान, अशोक कुमार, संदीप भारद्वाज सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में शहीद कल्याण सिंह को श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके बलिदान को याद किया गया। देशभक्ति की इस अनूठी मिसाल ने कस्बे को गौरवान्वित कर दिया।

जाजोद स्कूल में वृक्षारोपण किया

सीकर (निसं)। शहीद भागीरथ सिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जाजोद में वृक्षारोपण कार्यक्रम एवं तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी राधेश्याम योगी, मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षाविद डॉ. नेकीराम आर्य एवं विशिष्ट अतिथि संदर्भ व्यक्ति सुरेश कुमार भास्कर थे।पीईईओ राजूराम सहित समस्त स्टाफ सदस्यों ने उपस्थित रहकर सक्रिय भूमिका निभाई। संदर्भ व्यक्ति सुरेश कुमार भास्कर ने विभागीय योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाया। मुख्य अतिथि डॉक्टर नेकीराम आर्य ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए समय प्रबंधन एवं अपने लक्ष्य के प्रति दृढ निश्चित रहने का आव्हान किया। सीबीईओ राधेश्याम योगी ने पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण का महत्व बताते हुए विभाग के लक्ष्य अनुसार जिओ टैगिंग करने हेतु निर्देशित किया पीईईओ राजूराम ने आए हुए अतिथियों का स्वागत एवं आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता शिशुपाल कुमावत ने किया।इस अवसर पर तिरंगा रैली निकाल कर विद्यार्थियों से अपने-अपने घरों पर तिरंगा फहराने के साथ ही अपने आस-पास के लोगों से भी तिरंगा पहराने की अपील करने का आव्हान किया।

तप अभिनंदन समारोह का आयोजन

बीदासर (निसं)। श्री जैन श्वेतांबर तेरापंथ के आचार्य महाश्रमण की सुशिष्या साध्वी मंजूयशा के सानिध्य में बुधवार को कस्बे के थान सुथान में ज्ञानशाला के ज्ञानार्थी कुनाल बांठिया का तप अभिनंदन समारोह रखा गया। कार्यक्रम में केंद्र व्यवस्थापिका साध्वी मंजूयशा व अमितप्रभा ने कहा जब आदमी का मनोबल, आत्मबल और संकल्प बल दृढ होता है तभी तपस्या संभव होती है। कुनाल की दादी शान्ति देवी बांठिया ने कुनाल के तप के बारे में बताया। उसके बाद महिला मंडल की मंत्री सीमा दुगड़ व रूपम बैंगानी ने गीतिका के माध्यम से तप अभिनंदन किया। तेरापंथ सभा की तरफ से रवि सेखानी ने तप अनुमोदना की। कुनाल की माता ने तप अनुमोदना की। अणुव्रत समिति की ओर से दानमल बांठिया ने तप अनुमोदना की ओर कहा कि इसने तपस्या करके हमारे कुल का गौरव बढ़ाया है। शासन श्री साध्वी कुलप्रभा ने कुनाल को साधुवाद देते हुए तप अनुमोदना की तथा साध्वी विमल प्रभा ने अपने भाव व्यक्त किए। कार्यक्रम का शुभारंभ युवक परिषद के श्रावकों के मंगलाचरण से हुआ।

लेखन सामग्री व तुलसी पौधे वितरित

रतनगढ़ (निसं)। भारत विकास परिषद् का 63 वां स्थापना दिवस गुरुवार शाम स्थानीय शाखा द्वारा स्वामी विवेकानंद सरस्वती संस्कार केन्द्र के बच्चों को लेखन सामग्री व तुलसी पौधे का वितरण कर मनाया गया। श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथ समाज अध्यक्ष मोतीलाल तातेड के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम में मंच पर प्रान्तीय उपाध्यक्ष (सेवा) वासुदेव चाकलान व स्थानीय शाखा अध्यक्ष सत्यनारायण टेलर उपस्थित थे।कार्यक्रम में भैया-बहिनों द्वारा सामूहिक वंदना व देशभक्ति गीत की प्रस्तुति दी गई। मंचासीन अतिथियों द्वारा शिक्षा के साथ - साथ संस्कार निर्माण पर बल दिया गया। कोषाध्यक्ष शैलेश शर्मा ने मंचस्थ अतिथियों का परिचय करवाया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी छात्र छात्राओं को लेखन सामग्री व तुलसी के पौधे का वितरण किया गया। शाखा सचिव परमेश्वरलाल आत्रेय ने सभी का आभार प्रकट किया। शाखा संयोजक संस्कार राकेश नायक के संचालन में सम्पन्न हुए कार्यक्रम में संस्कार केन्द्र पालक अमित हरितवाल, संस्कार केन्द्र चालक कान्ता तोसावड सहित अनेक सदस्य व मातृ-शक्ति उपस्थित रही।

खाद्य सुरक्षा योजना का शिविर आयोजित

सीकर (निसं)। कालबेलिया बस्ती सालासर रोड सीकर में बाबा रामदेव मंदिर में नगर परिषद आयुक्त शशिकांत शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान सरकार की अतिमहत्वाकांक्षी खाद्य सुरक्षा योजना का शिविर लगाया गया, जिसमें काफी संख्या में कालबेलिया बस्ती के गरीब जरूरतमंद परिवारों को इस योजना से जोडकर उनको डिजिटल प्रमाण पत्र दिया गया। इसके साथ ही 12 अगस्त 2025 को नट बस्ती योजना नगर में भी कैंप लगाया गया। आयुक्त शशिकांत शर्मा ने बताया की वर्तमान में चल रही राजस्थान सरकार की अतिमहत्वाकांक्षी खाद्य सुरक्षा योजना से गरीब जरूरतमंद परिवारों को इस योजना से जोडा गया है, भविष्य में भी समय-समय पर नगर परिषद सीकर द्वारा ऐसी विभिन्न प्रकार की योजनाओं से जरूरतमंद लोगों को जोड़ा जाएगा। कार्यक्रम में पूर्व वार्ड पार्षद इंदर सिंह पाटोदा व नगर परिषद कर्मचारी, रज्जों नायक, मोहम्मद रिजवान, मोहम्मद नईम, मोहम्मद रिजवान गुढ़ा, विक्रम सिंह सहित कच्ची बस्ती के लोग उपस्थित रहें।

विद्यालय का अवलोकन किया

बीदासर (निसं)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मानपुरा में बीदासर के मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी किशन लाल गहनोलिया के साथ सुप्रीम फाउंडेशन के ट्रस्टी महावीर प्रसाद तापड़िया व कमल किशोर डागा ने विद्यालय का अवलोकन किया। इस अवसर पर फाउंडेशन के ट्रस्टीयों ने विद्यार्थियों के शैक्षिणक स्तर व विभिन्न व्यवस्थाओं के बारे में प्रधानाचार्या ने जानकारी ली। इस अवसर पर विद्यालय में ट्रस्टीयों ने पौधारोपण भी किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या रेखा कुलदीप ने ट्रस्टीयों का साल व पुष्प गुछ भेंट कर स्वागत किया। प्रधानाचार्या कुलदीप ने फाउंडेशन के ट्रस्टीयों से भविष्य में भी सुप्रीम फाउंडेशन का राजकीय विद्यालयों में सहयोग मिलता रहे ऐसी कामना की। इस दौरान फाउंडेशन के मुख्य समन्वयक श्याम बाबू शर्मा, समन्वयक दीपक कौशिक, योगेश कुमार सिंगोदिया आदि सहित स्टॉफ सदस्य उपस्थित थे।

हर घर तिरंगा फहराने का आव्हान

रतनगढ़ (निसं)। स्थानीय आंगनबाड़ी केंद्र राणासर बीकन में स्वतंत्रता दिवस की वर्षगांठ के पूर्व बुधवार को हर घर तिरंगा अभियान के तहत अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। आंगनबाडी कार्यकर्त्ता सुनिता कालवा ने उपस्थित जनो को स्वतंत्रता प्राप्त करने के लिए किये गए संघर्षों की जानकारी देते हुवे हर घर तिरंगा फहराने का आव्हान किया। इस अवसर पर महिला सुपरवाइजर सुनीता कुमारी ने आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओ की जानकारी दी। इस अवसर पर केंद्र को रंगोली से सजाकर देश भक्ति का संदेश दिया। इस अवसर पर विनोद, तारामणी, सुमन सहित अनेक ग्रामवासी उपस्थित थे।

उप मुख्यमंत्री आज रैवासा आएंगी

सीकर (निसं)। राजस्थान की उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी 14 अगस्त गुरूवार को रैवासा आएंगी। अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार ने बताया कि उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी 14 अगस्त को डीडवाना से दोपहर दो बजे प्रस्थान कर अपराह्न 3.30 बजे रैवासा पहुंचेगी तथा सियपिय मिलन महोत्सव(साकेत प्रयाणोत्सव) में सम्मिलित होंगी। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी रैवासा से सायं 4 बजे जयपुर के लिए प्रस्थान कर जायेगी।

साहित्यकार सम्मान समारोह आज

चिड़ावा (निसं)। शहर के राजकीय जमनादास अडूकिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल में नए बने प्रवेश द्वार का लोकार्पण 14 अगस्त गुरुवार दोपहर दो बजे होगा। इस अवसर पर शेखावाटी क्षेत्र के 25 साहित्यकारों को सुमन स्मृति साहित्य सम्मान भी दिया जाएगा।

ग्रेजुएट टॉपर्स का सम्मान किया

चिड़ावा (निसं)। चिड़ावा स्थित राजस्थान पी जी कॉलेज में बुधवार को अंतिम वर्ष की परीक्षा पास कर चुके स्टूडेंट्स का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। संस्था सचिव संजय थालौर एवं चेयरपर्सन नीतिका थालौर के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था निदेशक शिक्षाविद् श्रीराम थालौर ने की। पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय सीकर द्वारा जारी परीक्षा परिणाम में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर बी ए, बी एस सी, बी कॉम अंतिम वर्ष के स्टूडेंट्स एवं राज विज़न आई. ए. एस/आर. ए.एस फाउंडेशन के सफल अभ्यर्थियों का माल्यार्पण कर स्वागत करते हुए भविष्य में सफल करियर का आशीर्वाद दिया। थालौर ने अपने वक्तव्य में बताया कि शिक्षा भविष्य का पासपोर्ट है,क्योंकि कल उनका है जो आज उसके लिए तैयारी करते हैं। सफलता का कोई रहस्य नहीं है, यह तैयारी, कडी मेहनत, और असफलताओं से सीखने का परिणाम है।

संयुक्त किसान मोर्चा का विरोध प्रदर्शन

■ जिला कलेक्टर के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा

चुरू (निसं)। संयुक्त किसान मोर्चा के राष्ट्रीय आव्हान पर आज जिला मुख्यालय चुरू पर संयुक्त किसान मोर्चा सदस्य व भारतीय किसान यूनियन जिलाध्यक्ष रामरतन सिहाग, किसान सभा के अध्यक्ष इन्द्राजसिह के नेतृत्व में किसानों-मजदूरों ने जिला स्टेडियम से लेकर आपणी योजना में जिला कलेक्टर कार्यालय तक ट्रैक्टर व अन्य साधनों से वाहन रैली निकालकर डबल ईन्जन सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।

संयुक्त किसान मोर्चा सदस्य रामरतन सिहाग ने बताया कि किसानों ने वाहन रैली के साथ पहुँचकर जिला कलेक्टर कार्यालय के आगे आक्रोश प्रकट करते हुए केन्द्र और राज्य सरकार के खिलाफ जबरदस्त नारेबाजी कर विरोध प्रकट किया।

जिलाध्यक्ष रामरतन सिहाग ने बताया कि संयुक्त किसान मोर्चा ने " बहुराष्ट्रीय कम्पनियाँ भारत छोड़ो " के केंद्रीय नारे के तहत आन्दोलन का आ ान करते हुए प्रमुख माँगो में किसान आन्दोलन में लिखित में केंद्र सरकार द्वारा किसानों के साथ समझौते की छः सूत्री माँगो को लागू करने, बिजली का निजीकरण और स्मार्ट मीटर लगाना बंद करने, सम्पूर्ण कर्जमाफी, फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद की गारंटी जैसी पहले से लम्बित पडी माँगो के साथ ही मुख्य रूप से केंद्र सरकार द्वारा विभिन्न देशों के साथ किये जा रहे मुक्त व्यापार समझौते में खेती-किसानी और आम जनता के हितों की बलि चढ़ाना बंद करने की मांग प्रमुख रूप से शामिल है इनके साथ खेती-किसानी से जुडे किसानों-मजदूरों एव ग्रामीण दस्तकारों को सामाजिक सुरक्षा के लिए 10000 रूपये प्रतिमाह पेन्शन की मांग भी लम्बित हैं।

किसान सभा के अध्यक्ष इन्द्राजसिह ने बताया सरकार बिजली का निजीकरण कर पूँजीपतियों के हाथों में देना चाहती है तथा लैंड पूलिंग जैसे कानून के माध्यम से जमीन हडपने का बड़ा हमला किसान हितों पर करने जा रही है सरकार की घोर पूँजीवादी कार्पोरेट परस्त नीतियाँ देश के आम अवाम व जनहितों के खिलाफ है।

संयुक्त किसान मोर्चा के विरोध प्रदर्शन में भारतीय किसान यूनियन तहसील अध्यक्ष तेजकरण दहिया, किसान सभा अध्यक्ष बेगराज मील, संयुक्त मोर्चा सदस्य हरिराम न्यौल, आयूष खिचड, दीपाराम प्रजापत, कल्याणसिंह राठौड, नारायणराम नाई, अनिल शर्मा, रामस्वरूप मेघवाल, बालूराम प्रजापत, शिशपालदास स्वामी, विकास दहिया, मनोज न्यौल, शीशराम ईसरवाल, राजेन्द्र बलारा, पूर्व सरपंच भंवरलाल खिचड, हरचन्द कडवासरा, मनीराम कडवासरा, डेडराज, हरिराम, हरलाल, परमाराम, रामरिख, ओम प्रकाश, फुलाराम बाँगडवा, सुनील खासोली, प्यारेलाल व एडवोकेट बाबूलाल न्यौल सहित सैकडों की तादाद में किसान मौजूद थे।

संत शिरोमणि अखाराम दादोजी महाराज की शोभायात्रा में भक्तों का जनसैलाब उमड़ा

राजलदेसर (निसं)। कस्बे के निकटवर्ती ग्राम पंचायत परसनेऊ धाम में दो दिवसीय हनुमान भक्त संत शिरोमणि अखाराम दादोजी महाराज का दो दिवसीय जन्मोत्सव के तहत बुधवार को विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम मंदिर परिसर में हुए जिसमें प्रात: 11 बजे 28 वां रुद्राभिषेक विद्वान पंडितों के सानिध्य में अक्षय भक्त मंडल के संरक्षक रामावतार दायमा के सानिध्य में हुआ एवं शाम 4 बजे दादोजी महाराज को 108 पगड़ी भक्तों के द्वारा अर्पित की गई। वहीं शाम 5 बजे मंदिर परिसर से दादाजी महाराज की विशाल शोभायात्रा निकाली गई जिसमें दादाजी महाराज पालकी में सवार होकर भक्तों के जयकारों के साथ नगर भ्रमण पर करवाया गया। जिसमें विभिन्न देवी देवताओं की जीवित झांकियां आकर्षण का केंद्र रही। साथ ही डीजे एवं बैंड बाजे की धुन पर दादोजी के भक्त नाचते गाते पालकी के आगे चल रहे थे।

वही सुहागिन महिलाएं मंगल कलश धारण करके दादाजी के मंगल गीत गा रही थी। शोभायात्रा में ग्राम वासियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा से स्वागत किया एवं दादा के भक्तों के द्वारा जगह-जगह नींबू पानी, जूस ,अल्पहार आदि की शानदार व्यवस्था देखने को मिली । वही दादोजी महाराज ने जब जीवित समाधि खेजडी के पेड के नीचे ली तब गांव वासियों से कहा जब तक खेजडी का वृक्ष हरा रहेगा तब तक मेरी सिद्धि रहेगी। दादोजी महाराज की कृपा भक्तों पर खूब बरस रही है साथ ही भक्तों को एक से बढकर एक चमत्कार भी दिए जा रहे हैं जो दूर दराज से आए भक्तों ने कहा कि संतान, दंपति, लीवर ठीक होना किसी के रुपया पैसा रुका हुआ है वह वापस आना आदि भक्तों ने एक से एक चमत्कार मीडिया कर्मियों को बताया।

सीकर में स्वतंत्रता दिवस समारोह कार्यक्रम का अंतिम पूर्वाभ्यास हुआ

सीकर (निसं)। सीकर शहर के जिला खेल स्टेडियम में बुधवार को स्वतंत्रता दिवस 2025 से पूर्व जिला स्तरीय समारोह के कार्यक्रम का अंतिम पूर्वाभ्यास किया गया।

स्वतंत्रता दिवस के अंतिम पूर्वाभ्यास के अवसर पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार ने झंडारोहण कर परेड की सलामी ली और परेड का निरीक्षण किया। एडीएम के निरीक्षण के बाद पुलिस के जवानों, होमगार्ड, स्काउट गाइड सहित अन्य टुकडियों ने कदम से कदम ताल करते हुए मार्च पास्ट किया। वहीं सेंट मैरी

■ स्कूली छात्र छात्राओं ने शारीरिक व्यायाम का प्रदर्शन किया

स्कूल की छात्राओं द्वारा शानदार बैंड वादन का प्रदर्शन किया गया। इसके बाद स्कूली छात्र छात्राओं ने शारीरिक व्यायाम का प्रदर्शन किया।

एडीएम रतन कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों का अंतिम पूर्वाभ्यास किया गया। इस अवसर पर स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों की समीक्षा की गई। समारोह के दौरान आयोजित होने वाले शारीरिक व्यायाम, परेड और सांस्कृतिक कार्यक्रम की शानदार तैयारी की गई है। कि 15 अगस्त 2025 के जिला स्तरीय समारोह में मुख्य अतिथि राज्य सरकार के यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा द्वारा झंडारोहण किया जाएगा। उन्होंने बताया जिला प्रशासन की ओर से अनूठी पहल शुरू करते हुए पहली बार स्वतंत्रता दिवस पर शारीरिक व्यायाम और सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर कार्यक्रम को यादगार बनाया जाएगा।

इस दौरान जिला खेल अधिकारी प्रकाशराम गोदारा, एडीपीसी समसा राकेश कुमार, नगरपरिषद राजस्व अधिकारी महेशचंद्र योगी, सरोज लॉयल व्याख्याता डाइट, शारीरिक शिक्षक राजवीर सिंह शेखावत, स्टेडियम कोच रतन सिंह ढाका सहित अनेक अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

सीकर शहर के जिला खेल स्टेडियम में ए.डी.एम. रतन कुमार ने परेड की सलामी ली।

शहर भाजपा ने तिरंगा यात्रा निकाली

लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी (निसं)। शहर भाजपा की ओर से बुधवार को घर-घर तिरंगा अभियान के तहत विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा लाल कुआं दुर्गा पूजा स्थल से रवाना हुई जो लाल कुआं, बस स्टैंड, चौपड़ बाजार, मुरली मनोहर मंदिर, पक्की प्याऊ, कबुतरीया कुआं, सिद्धि विनायक मंदिर होते हुए वापस लाल कुआं दुर्गा पूजा स्थल पर पहुंची। तिरंगा यात्रा में आदर्श विद्या मंदिर एवं भारतीय स्कूल के छात्र-छात्राओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया।तिरंगा यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।तिरंगा यात्रा के दौरान देशभक्ति के नारे लगाए गए। यात्रा में संयोजक जयप्रकाश सरावगी, शहर मण्डल अध्यक्ष ललित पंवार, नेता प्रतिपक्ष एडवोकेट ललित पुरोहित, ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष आशाराम टेलर, एससी मोर्चा अध्यक्ष संतोष वाल्मीकि, युवा मोर्चा अध्यक्ष चंद्रकांत जाजोदिया, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष विनित सोनी, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष अयुब बागडोदिया, पार्षद रामावतार पंवार, पार्षद प्रतिनिधि विनोद गढ़वाल, कमल शर्मा, शशिकांत पुजारी, पूर्व मण्डल अध्यक्ष महेश शर्मा, मनोज शर्मा, पूर्व नेता प्रतिपक्ष सम्पत चेजारा, सोशल मीडिया प्रभारी कमल सुरोलिया, राजेश जोशी, अशोक पुजारी, अंकित सुरोलिया, पवन कुमार, सुरेन्द्र टेलर, केशव पारीक, गजेन्द्र सिंह, संजु सैनी, प्रदीप चंदेलिया, पवन पंवार, सज्जन सैनी, सुखदेवा राम, अयुब, जमील, सुभाष जांगिड, अरुण सैन, रामप्रसाद जडिया, सूरजभान बिजला, पवन खाटूवाला, विद्याधर शर्मा, विक्रम तंवर, सुरेश शर्मा, पवन हरिजन, हंसराज वेदी, नवीन शर्मा, हरीराम प्रजापत, जय शंकर पुजारी, निशांत सैनी, योगेश कुमावत सहित पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ता व स्कूल के विधार्थी मौजूद थे।

नशा मुक्ति की शपथ दिलाई

पाटन (निसं)। आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत राजकीय महाविद्यालय, पाटन में हर घर तिरंगा अभियान के समर्थन में तिरंगा रैली एवं नशा मुक्त भारत अभियान के तहत शपथ समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मदन लाल मीणा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हर घर तिरंगा अभियान देशभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुंचाने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने यह भी बताया कि युवाओं को नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रखने हेतु महाविद्यालय में नशा मुक्ति शपथ दिलाई गई।इस अवसर पर वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ. योगेश कुमार सबल ने विद्यार्थियों को राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए उन्हें अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रभारी प्रो. किरण यादव ने विद्यार्थियों को भारत की स्वतंत्रता में योगदान देने वाले वीर क्रांतिकारियों और शहीदों को श्रद्धापूर्वक स्मरण करते हुए प्रत्येक घर पर तिरंगा फहराने हेतु प्रेरित किया। विद्यार्थियों ने जोशीले देशभक्ति नारों के साथ पूरे उत्साह से तिरंगा रैली में भाग लिया, जिससे पूरे कस्बे में देशभक्ति का माहौल व्याप्त हो गया।नशा मुक्त भारत अभियान की नोडल प्रभारी प्रो. ज्योति शर्मा ने नशे के दुष्प्रभावों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों और स्टाफ को नशा न करने की शपथ दिलाई। उन्होंने युवाओं से समाज में जागरूकता फैलाने का आव्हान भी किया। इस प्रेरणादायी आयोजन में महाविद्यालय के सभी संकाय सदस्य, छात्र-छात्राएं एवं एनएसएस के स्वयंसेवक सक्रिय रूप से उपस्थित रहे। यह आयोजन न केवल राष्ट्रीय पर्व की गरिमा को बढ़ाने वाला रहा, बल्कि युवाओं के मन में देशप्रेम और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को भी प्रबल करता नजर आया।

मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

पाटन (निसं)। बिजली उपभोक्ता संघर्ष समिति नीमकाथाना शहर द्वारा बिजली निजीकरण और स्मार्ट मीटर के विरोध में एईएन कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन की अध्यक्षता विनय प्रकाश सैनी व कैलाश सोनी ने की। माकपा नेता कॉमरेड गोपाल सैनी ने कहा कि स्मार्ट मीटर किसानों-मजदूरों को अडानी का गुलाम बनाने की साजिश है। रिचार्ज आधारित यह प्रणाली उपभोक्ताओं की जेब पर बोझ बढाएगी और सरकारी रोजगार समाप्त करेगी। उन्होंने चेतावनी दी कि इसका खामियाजा भाजपा को आगामी चुनावों में भुगतना पड़ेगा।धरने में कॉमरेड ओमप्रकाश यादव, रोशनलाल गुर्जर, रतनलाल सिंघल, केदार संतोषी, जितेंद्र सैनी सहित कई वक्ताओं ने विचार रखे। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि सरकार अडानी को लाभ पहुंचाने के लिए करोडों रुपये स्मार्ट मीटर पर खर्च कर रही है, जबकि जमीनी स्तर पर बिजली कटौती, टूटे खंभे और विभागीय लापरवाही जैसे मुद्दे अनदेखे किए जा रहे हैं।पांच सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम सहायक अभियंता को ज्ञापन सौंपा गया। आगामी चरण में 30 अगस्त तक घर-घर जाकर हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा।

वार्षिकोत्सव पर भव्य मंगल पाठ 17 को

चूरू (निसं)। श्री ढांढण शक्ति भक्त मंडल चूरू के 48वें वार्षिकोत्सव के अवसर पर दादी का महामंगल पाठ का आयोजन रविवार 17 अगस्त 2025 को गोगा नवमी के अवसर पर किया जाएगा। आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि बजाज गेस्ट हाउस में सायं 4 बजे होने वाले कार्यक्रम में दिव्य ज्योत, चुनरी उत्सव, गजरा उत्सव, झूला उत्सव व मेहंदी उत्सव सहित विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम सभी के आकर्षण का केन्द्र होंगे। बंगाल के कारीगरों द्वारा ओरिजिनल फूलों से दरबार की भव्य सजावट की जायेगी। पाठ का वाचन कोलकाता के मूलचंद बजाज अपनी मधुर वाणी से करेंगे। श्री ढांढण शाक्ति भक्त मंडल ने सभी श्रद्धालुओं व आमजन से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आग्रह किया है।

प्रदर्शनी का उद्घाटन आज

सीकर (निसं)। परियोजना प्रबंधक राजीविका अर्चना मोर्य ने बताया कि हर घर तिरंगा अभियान के तहत जिला स्तरीय तिरंगा मेले का उद्घाटन 14 अगस्त को प्रात: 11 बजे किया जायेगा। मेला प्रात: 9 बजे से सांय 6 बजे तक अरबन हाट सीकर में आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि मेले का आयोजन राजीविका, उद्योग विभाग, महिला अधिकारिता विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जाएगा। मेले में आर्टिजन स्थानीय उत्पादों के विक्रय के लिए स्टॉल भी लगायेंगे। तिरंगा मेला देश-भक्ति की भावनाओं से ओत-प्रोत स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किया जा रहा है।

कार्यालय नगरपालिका मण्डल रावतसर जिला हनुमानगढ़ (राज)

क्रमांक -न.पा.रा./भू/2025/1374 दि